**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–5 / 799 / 2016 / 10–11 / 2747 भोपाल, दिनांक 21-12-16

प्रति,

वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालय,
सतपुड़ा टाईगर रिजर्व, होशंगाबाद,
मध्यप्रदेश।

विषयः– **होशंगाबाद जिले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी अभ्यारण्य से वनग्राम सांकई टोला–II को होशंगाबाद वन मण्डल के परिक्षेत्र इटारसी के कक्ष क्रमांक पी0एफ0–141 एवं 142 में विस्थापित किए जाने हेतु 150.00 हेक्टेयर वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रस्ताव।**

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, होशंगाबाद का पत्र क्रमांक / मा0चि0 / 6659 दिनांक 07.12.2016

––0––

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा आपने विषायांकित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी अभ्यारण्य के वनग्राम सांकई टोला–II को होशंगाबाद वन मण्डल के इटारसी परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी0एफ00–141 एवं 142 में विस्थापित किए जाने हेतु 150.00 हेक्टेयर वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्रस्ताव अपनी अनुशंसा उपरांत इस कार्यालय को अनुमोदन हेतु भेजा है। प्रस्ताव का परीक्षण किया गया, प्रस्ताव में निम्न कमियां पाई गई हैः–

1. ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–I के बिन्दु क्रमांक C(ii)(b) में KML फाईल निर्धारित स्थान पर नहीं खुल रही है।
2. प्रस्ताव के भाग–II के बिन्दु क्रमांक 13(i) में व्यपवर्तित होने वाली वन भूमि की KML फाईल अपलोड की है, जबकि प्रकरण में बिन्दु क्रमांक 13(ii) में उल्लेखित प्रमाण पत्र अपलोड किया जाना चाहिए।
3. ऑनलाईन प्रस्ताव में प्रभावित वृक्षों की संख्या 7622 दर्शाई गई है, परन्तु हार्ड कापी में प्रभावित वृक्षों की संख्या 12143 दर्शाई गई है।

अतः उपरोक्त कमियों की पूर्ति कर तत्काल इस कार्यालय को अवगत करावें, ताकि प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके।

(सुनील अग्रवाल)
**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 799 / 2016 / 10–11 / 2748 भोपाल, दिनांक 21-12-16

**प्रतिलिपिः–**

1. मुख्य वन संरक्षक, होशंगाबाद वृत्त, होशंगाबाद, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य) वन मण्डल, होशंगाबाद, मध्यप्रदेश

की ओर उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

C:\F-5\Misc.docx